# कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, जिला – कोरबा (छ.ग.)

( रामपुर वार्ड  कलेक्टोरेट परिसर, कोरबा, Email id:ddvskorb.cg@gov.in)

क्र0 1919 /पचि/डीएमएफ/संविदा/नियु0/2023–24 कोरबा, दिनांक 08.02.2024

## –: सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी पद पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन :–

जिला कोरबा अंतर्गत विभागीय पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण करने हेतु रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में स्थानीय व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के डी.एम.एफ. मद के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पदों पर संविदा भर्ती के लिये पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इसके लिये इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को कार्यालय उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला कोरबा (छ.ग.) में दिनांक 22/02/2024 को सायं 4:00 बजे तक संबंधित पद के विरूद्ध भर्ती हेतु आवेदन पत्र सह शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों का एक सेट स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। संविदा भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | एकमुश्त वेतन | रिक्त पद संख्या | अनुसूचित जनजाति | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनारक्षित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मुक्त | महिला | कुल | मुक्त | महिला | कुल | मुक्त | महिला | कुल | मुक्त | महिला | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1. | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | 23350/– | 15 | 4 | 2 | 6 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 4 | 2 | 6 |

➢ **शैक्षणिक योग्यताः–**

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | योग्यता/Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी | DMF | VETERINARY POLYTECHNIC (D.A.H-DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY) |

➢ **चयन प्रकियाः–**

- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु शैक्षणिक योग्यता ( VETERINARY POLYTECHNIC (D.A.H-DIPLOMA IN ANIMAL HUSBANDRY – छ0ग0 कामधेनू विश्वविद्यालय दुर्ग से उतीर्ण ) में प्राप्त प्राप्तांको ही चयन का आधार होगा ।
- सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद हेतु अंतिम चयन सूची, शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 100 प्रतिशत अंक के आधार पर बनाई जाएगी।

| क्र0 | कार्यवाही | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | आवेदन जारी करन की तिथि | 08/02/2024 |
| 02 | आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 22/02/2024 |
| 03 | दस्तावेज परीक्षण सह मेरिट सूची प्रकाशन | 26/02/2024 |
| 04 | दावा आपत्ति एव अंतिम चयन सूची प्रकाशन | 01/03/2024 |

➢ **आवश्यक शर्तेः–**

1) संविदा भर्ती केवल 12 माह के लिए होगी। नियुक्ति तिथि से 01 वर्ष उपरान्त सेवा स्वतः निरस्त मानी जावेगी। सेवावधि में वृद्धि जिला प्रशासन से स्वीकृति प्राप्त होने पर ही की जा सकेगी। जिला खनिज न्यास (डी.एम.एफ.) / सी.एस.आर. मद से राशि/बंटन की उपलब्धता के अनुसार ही पदों की भर्ती एवं निरंतरता की जा सकेगी।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
जिला कोरबा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

2) सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त वेतन देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के भत्ते/सुविधाएं देय नहीं होगी।

3) सेवा अवधि के दौरान वेतन में से किसी प्रकार की जी.पी.एफ./सी.पी.एफ. कटौती नहीं की जावेगी।

4) मात्र आवेदन करना चयन सुनिश्चितता नही होगी। पद ग्रहण के समय सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूल प्रति जांच की जावेगी। प्रमाण पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज सही पाये जाने पर ही अभ्यर्थी को पद ग्रहण कराया जावेगा।

5) सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद पर नियुक्ति हेतु कोरबा जिले के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में छ0ग0 के अन्य जिलों के अभ्यर्थियों से चयन की कार्यवाही की जावेगी। अभ्यर्थी को छ0ग0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

6) नियुक्त पद के विरुद्ध शासन स्तर से नियमित पदस्थापना होने पर सेवा स्वतः समाप्त मानी जावेगी।

7) भर्ती के संबंध में समस्त जानकारियां, कोरबा जिले की NIC की वेबसाईट www.korba.gov.in पर अपलोड एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा की जावेगी।

8) प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई व बढ़ाई अथवा भर्ती निरस्त की जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार जिला प्रशासन द्वारा गठित चयन समिति का होगा।

9) प्रतीक्षा सूची की वैधता केवल 12 माह/वित्तीय वर्ष हेतु रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद अथवा त्याग–पत्र या किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

10) आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध किया जावे तथा क्रमांक भी अंकित करें। आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में, 2. निवास प्रमाण–पत्र, 3. आरक्षित वर्ग की स्थिति में जाति प्रमाण पत्र, 4. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र 10वी./12वीं/वेटनरी पॉलिटेक्निक डिप्लोमा का प्रमाण–पत्र मार्कशीट सहित, 5. 06 माह की सेवा हेतु संलग्न निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र)।

11) अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चस्पा कर स्व–प्रमाणित करें एवं आवश्यक सभी प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां अनिवार्यतः संलग्न करें।

12) शासकीय संस्थानों में समतुल्य पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता/विभागाध्यक्ष के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

13) आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु लागू आरक्षण नियमानुसार आयुसीमा में छूट प्रदान की जावेगी।

14) भर्ती प्रकिया के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियम एवं शर्तों में परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा।

15) भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिलाधीश/कलेक्टर, जिला कोरबा छ.ग. को होगा, जो भी आवेदकों को मान्य एवं बंधनकारी होगा।

16) पदस्थापित स्थान में यथा आवश्यकता परिवर्तन का अधिकार कार्य एजेन्सी का होगा।

17) चयनित अभ्यर्थियों के लिए विभाग द्वारा दिए गए कार्यो एवं लक्ष्यों की पूर्ति बंधनकारी होगा जिसकी समीक्षा प्रत्येक त्रैमास में की जावेगी। कार्य के प्रति अरुचि एवं लक्ष्य पूर्ति की दिशा में सकारात्मक प्रयास ना होने पर कार्य से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

18) चयनित अभ्यर्थियों को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संवदि नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग–पत्र देने के 01 माह पूर्व सूचना देना होगा अथवा एक माह का वेतन जमा करना अनिवार्य होगा।

19) एक माह से अधिक अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये जाने पर सेवाएं स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।

20) नियुक्ति अवधि में किसी भी प्रकार का धरना/हड़ताल इत्यादि में जाने की अनुमति नहीं होगी। धरना/हड़ताल करने पर नौकरी से वंचित करने का अधिकार, जिलाधीश/कलेक्टर, जिला कोरबा छ.ग. को होगा।

21) नियुक्ति के पश्चात कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थिति के समय प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड से मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य पाए जाने पर सेवा स्वतः समाप्त मानी जावेगी।

22) अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में 12 माह की सेवा हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

23) उक्त संपूर्ण प्रकिया में छ0ग0 राज्य संविदा भर्ती नियम 2012 की समस्त शर्तें लागू होंगी।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं
जिला कोरबा (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

# –::आवेदन पत्र ::–

प्रति,

उपसंचालक

पशु चिकित्सा सेवायें

जिला– कोरबा (छ.ग.)

आपका विज्ञापन दिनांक ............/........../........... में विज्ञापित पद (पद का नाम लिखें) .............................. के लिए मैं अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................

आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) :– ..............................................................

2. पिता/पति का नाम :– ..............................................................

3. माता का नाम :– ..............................................................

4. जन्मतिथि (अंको में) :– दिनांक...........माह .............वर्ष............

(शब्दों में) :– ..............................................................

5. जाति संवर्ग (सामान्य/अ.ज.जा./अ.जा./अ.पि.वर्ग) :– ..............................................................

(आरक्षित वर्ग का होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

6. लिंग (पुरूष/महिला/अन्य) :– ..............................................................

7. अभ्यर्थी छ.ग. का मूल निवासी है या नहीं? :– ..............................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ..............................................................

8. क्या आप दिव्यांग श्रेणी के हैं? (हां/नहीं) :– ..............................................................

9. यदि हां तो दिव्यांगता का प्रतिशत एवं प्रकार :– ..............................................................

(जिला मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :– ..............................................................

10. स्थाई निवास का पूर्ण पता :– ..............................................................

:– ..............................................................

:– ..............................................................

:– ..............................................................

11. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :– ..............................................................

:– ..............................................................

:– ..............................................................

:– ..............................................................

:– मोबाईल नम्बर ....................................

:– ईमेल आईडी .......................................

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

1. **शैक्षणिक योग्यताः–**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | परीक्षा का पूर्णांक | परीक्षा में प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

3. संलग्न सत्यापित प्रमाण–पत्रों की सूची व संख्याः–
   1. 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची
   2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी सेमेस्टर्स/वर्षों की)
   3. भूतपूर्व सैनिक/स्वतंत्रता संग्राम–सेनानी का प्रमाण पत्र
   4. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र
   5. स्थाई जाति प्रमाण पत्र
   6. दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र
   7. मूल निवासी प्रमाण पत्र
   8. अन्य प्रमाण पत्र
   09.एक वर्ष की सेवा हेतु संलग्न निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

**–::घोषणा–पत्र::–**

मैं, एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंध मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे।

स्थानः– ..................................

दिनांक :– ..............................

आवेदक के हस्ताक्षर

Scanned with CamScanner

# शपथ–पत्र

(रू. 50 के गैर न्यायिक स्टाम्प में)

मैं शपथकर्ता ............................................ उम्र ........................ पिता/पति ........................................निवासी................................ . एतद् द्वारा निम्नानुसार शपथपूर्वक अभिकथन करता/करती हूँ कि–

1) जिला कोरबा में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की संविदा भर्ती हेतु समस्त नियम एवं शर्तें मेरे द्वारा भली–भांति पढ़ ली गई हैं।

2) यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है, जिसमें मेरी सेवायें नियमों के तहत निर्धारित समय–सीमा 12 माह पूर्ण करने के उपरान्त सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी, जो मुझे मान्य है। मैं इसमें किसी प्रकार का दावा आपत्ति/न्यायालय में जाने के लिये अधिकृत नहीं रहूँगा/रहूँगी।

शपथकर्ता

## //सत्यापन//

मैं शपथकर्ता.....................................................उम्र ........................पिता/पति ........................................निवासी....... .................................... उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता/करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका एक एवं दो तक लिखी सभी बातें मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को स्थान ................ ........... में इस पर अपने हस्ताक्षर किया।

दिनांक–

शपथकर्ता

Scanned with CamScanner